# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित**

**रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)– 491001**

Email: durgpractical@gmail.com Website: www.durguniversity.ac.in


## // अधिसूचना //

क्र./807/गोप./2025 दुर्ग, दिनांक 03/ 09/2025

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र जो सत्र 2024–25 में बी.ए. बी.एस.सी., बी.एच.एस.सी., बी.काम., बी.सी.ए. भाग–01, (भूतपूर्व छात्र) भाग–02, भाग–03 की प्रायोगिक विषयों में पूरक की अर्हता प्राप्त है उनकी प्रायोगिक परीक्षाएं **दिनांक 08/09/2025 से 23/09/2025** तक जिलावार दर्शाये गये परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न किये जायेंगेः–

| स. क्र. | जिला | परीक्षा केन्द्र (प्रायोगिक विषय में पूरक परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे) |
|---|---|---|
| 1. | **बालोद जिले के समस्त महाविद्यालय** | शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद, |
| 2. | **बेमेतरा जिले के समस्त महाविद्यालय** | शास. पं. जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महा. बेमेतरा |
| 3. | **दुर्ग जिले के समस्त महाविद्यालय** | शास. डॉ वामन वासुदेव पाटनकर कन्या महा. दुर्ग, |
| 4. | **राजनांदगॉव/मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी/ खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के समस्त महाविद्यालय** | शास. कमलादेवी महिला महाविद्यालय राजनांदगॉव, |
| 5 | **कवर्धा जिले के समस्त महाविद्यालय** | आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शास. महा. कवर्धा, |

प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 08/09/2025 से 23/09/2025 तक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किए गये जिलावार परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न किए जायेंगे साथ ही परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य द्वारा प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में सूचना स्थानीय समाचार पत्रों में भी प्रकाशित कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रायोगिक परीक्षा को सम्पन्न कराने हेतु प्राचार्य को बाह्य परीक्षक की नियुक्ति करने का अधिकार दिया जाता है। परीक्षक समीप के महाविद्यालय का हो इसका भी ध्यान रखा जाना है। प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परिक्षार्थियों के अंक प्रेषण हेतु निर्धारित प्रारुप विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://durg.ucanapply.com** में

ऑनलाईन उपलब्ध होगें, जिसे पोर्टल में लॉगिन कर डाउनलोड कर प्रिंटआउट प्राप्त कर लेवें। महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रायोगिक परीक्षा के अंक दर्ज कर बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक यथास्थान हस्ताक्षरित करें तथा अंक पोर्टल में ऑनलाईन दर्ज करें। बाह्य परीक्षकों द्वारा जिस पत्रक में ऑफलाईन अंक पेन से दर्ज किये जायेगे, उसे पर्ण (**Foil**) एवं पोर्टल में ऑनलाईन अंक दर्ज करने के पश्चात किये गये प्रिंट आउट को प्रतिपर्ण (**Counter Foil**) माना जायेगा।

प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 23/09/2025 तक अनिवार्यतः सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात परीक्षार्थियों के प्राप्तांक पर्ण/प्रतिपर्ण 07 दिनों के अंदर विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग को प्रेषित करें, ताकि परीक्षाफल घोषित किया जा सके।

**आदेशानुसार**

**कुलसचिव**

पृ. कं/ 308 /गोप./2025 दुर्ग, दिनांक 03 /09/2025

प्रतिलिपि–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ ।
2. सचिव, उच्च शिक्षा छ.ग. शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लाक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल,इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. कुलपति /कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित परीक्षा कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. प्राचार्य, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।
7. वित्त अधिकारी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, इस निर्देश के साथ प्रायोगिक परीक्षा हेतु अग्रिम प्रदान करें।
8. संपादक समस्त स्थानीय समाचार पत्र दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगॉव मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई को इस निवेदन के साथ अग्रेषित है कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के अगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करे।

**उपकुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग**